# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर........

दिनांक 23.2.2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...1-3...

# एचएयू में 42 ग्रेजुएट स्टूडेंट्स ने पुस्तकालय संसाधनों के उपयोग के बारे में ली जानकारी

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय में छात्र कल्याण निदेशालय के सहयोग से डिजिटल युग में पुस्तकालय संसाधनों के विषय पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स शुक्रवार को संपन्न हो गया। विवि के छात्र परामर्श व रोजगार ईकाई द्वारा आयोजित किए गए प्रशिक्षण कोर्स में विवि के 42 स्नातक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। समापन पर विवि के कुलसचिव डॉ. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकालय कि उपयोगिता व विद्यार्थियों की सफलता में पुस्तकालयों की भूमिका के बारे में बताया। विद्यार्थियों से अपील की कि वह इस प्रकार के प्रशिक्षणों में हिस्सा लें। जिससे वह पुस्तकालय व इंटरनेट पर उपलब्ध सूचना संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर पाएंगे। प्रशिक्षण कोर्स के संयोजक डॉ. राजीव कुमार पटेरिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषय वस्तु के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण कोर्स के दौरान विद्यार्थियों का नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कुरुक्षेत्र व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पुस्तकालयों का भ्रमण करवाया गया। इनकी संपूर्ण संरचना, कार्यविधि, संसाधनों व सेवाओं के बारे स्टूडेंट्स को जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष डा. सीमा परमार व डॉ. राजेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे।



एचएयू में पुस्तकाल संसाधनों विषय पर हुई वर्कशॉप में उपस्थित स्टूडेंट्स व स्टाफ।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........हरि. भूमि........

दिनांक 23.2.2019 पृष्ठ सं. 14 कॉलम 2-3

# पुस्तकालयों की भूमिका पर प्रकाश डाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय में छात्र कल्याण निदेशालय के सहयोग से डिजिटल युग में पुस्तकालय संसाधनों और सेवाओं के बारे में जागरूकता और उनके उपयोग विषय पर आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के छात्र परामर्श एवं रोजगार ईकाई द्वारा आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण कोर्स में विश्वविद्यालय के 42 स्नातक विद्यार्थिओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी आर. कम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पुस्तकालय की उपयोगिता और विद्यार्थियों की सफलता में पुस्तकालयों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वह इस प्रकार के प्रशिक्षणों में बढ़ चढ़ कर भाग लें। इससे वह पुस्तकालय में व इन्टरनेट पर उपलब्ध सूचना संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर पाएंगे। ए डी एस डब्ल्यू (सीएंडपी), डॉ. ओमेंदर सांगवान ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में पुस्तकालयों के योगदान की सराहना की। प्रशिक्षण कोर्स के सयोजक डा. राजीव कुमार पटेरिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषय वस्तु पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कोर्स दौरान विद्यार्थिओं का नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कुरुक्षेत्र और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के पुस्तकालयों का भ्रमण करवा कर इनकी सम्पूर्ण संरचना, कार्यविधि और संसाधनों एवं सेवाओं के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष डा. सीमा परमार और डॉ. राजेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......पंजाब केसरी......
दिनांक ..23-2-2019.. पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....6....

# 10 दिवसीय पुस्तकालय प्रशिक्षण सम्पन्न

हिसार, 22 फरवरी (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय में छात्र कल्याण निदेशालय के सहयोग से डिजीटल युग में पुस्तकालय संसाधनों और सेवाओं के बारे में जागरूकता और उनके उपयोग विषय पर आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स सम्पन्न हुआ।

विश्वविद्यालय के छात्र परामर्श एवं रोजगार इकाई द्वारा आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण कोर्स में विश्वविद्यालय के 42 स्नातक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. बी.आर. कम्बोज मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पुस्तकालय की उपयोगिता और विद्यार्थियों की सफलता में पुस्तकालयों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण अमर उजाला
दिनांक 23.2.2019 पृष्ठ सं. 17, 4 कॉलम 2, 7-8

## हकृवि में विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण

जासं, हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेहरु पुस्तकालय में डिजिटल युग में पुस्तकालय संसाधनों और सेवाओं के बारे में जागरूकता और उनके उपयोग विषय पर आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स संपन्न हुआ। विवि के छात्र परामर्श एवं रोजगार इकाई द्वारा आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण कोर्स में विवि के 42 स्नातक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विवि कुलसचिव डा. बीआर कबोज मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा उपयोगिता और विद्यार्थियों की सफलता में पुस्तकालयों की भूमिका पर प्रकाश डाला। एडीएसडब्ल्यू डा. ओमेंदर सांगवान ने विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास में पुस्तकालयों के योगदान की सराहना की।


## शाम : दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हिसार। एचएयू के नेहरू पुस्तकालय में छात्र कल्याण निदेशालय के सहयोग से डिजिटल युग में पुस्तकालय संसाधनों और सेवाओं के बारे में जागरूकता और उनके उपयोग विषय पर आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स संपन्न हो गया। कुलसचिव डॉ. बीआर कम्बोज ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए। इस दौरान डॉ. ओमेंदर सांगवान, डा. राजीव पटेरिया, सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. सीमा परमार और डॉ. राजेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक हिसार........
दिनांक 22.2.2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...1-2...


# एनएसएस इकाई ने सफाई करके दिया श्रमदान



**हिसार: 22 फरवरी** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर कालेज की एन.एस.एस. इकाई के सीसवाला गांव में चल रहे शिविर में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने गांव की धर्मशाला, चोपाल, स्वास्थ केन्द्र और राजकीय कन्या उच्च-माध्यमिक विद्यालय में सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया। इस अवसर पर एन.एस.एस. छात्राओं ने गृह विज्ञान महाविद्यालय की वैज्ञानिक डॉ. सुनीता एवं कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. रमेश गोयल के सहयोग से गांव की महिलाओं को टाई और डाई की तकनीक एवं मिक्स वेज का आचार, आंवले की चटनी, विभिन्न फलों का जैम व स्कवैश बनाना सिखाया। एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. भगत सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे इस शिविर में छात्रों ने छोटे-छोटे समूहों में गांव के घर-घर जाकर ग्रामवासियों से खेती बाड़ी और रोजमर्रा के कार्यों से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली और इनका निवारण करने का प्रयास किया।